हमने अपने कांस्टीच्यूशन में लिखा है कि हम एक ऐसा सिस्टम बनायेंगे, जिस में चन्द हाथों में कनसेनट्रेशन आफ वैल्थ नहीं होगी। हमने लोगों से वायदा किया है कि हम उन को अनइम्पलायमेंट से निकालेंगे, बैटर कन्डीशन्ज़ आफ़ वर्क और डिसेन्ट स्टैंडर्ड आफ़ लाइफ़ देंगे। जैसाकि मैं ने अभी कहा है, इसके लिये यह जरूरी है कि हमारी फ़ाइव यीअर प्लैन कामयाब हो। इस बिल के लिये मेरे ख्याल में सब से बड़ी जस्टिफ़िकेशन यह है कि इसके ज़रिये हासिल

किया हुआ रुपया ठीक गर्ज़ के लिये खर्च होगा—वह ठीक तरीके से खर्च होगा या नहीं, यह मुझे मालम नहीं है ।

इस मौके का फ़ायदा उठा कर में जनाव का दुसरे हाउस के चेयरमैन साहब का, प्राईम मिनिस्टर साहब का, दूसरे मिनिसटर साहबान का और उन सब लोगों का शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने अपनी सैलेरीज़ में टैन परसेंट कट किया है । मैं ने इस हाउस में तजवीज़ पेश की थी कि पंद्रह परसेंट कट किया जाय, लेकिन मुझे खुशी है कि लोगों ने दस परसेंट कमी तो की है । मैं इतना ेन नहीं हूं कि मैं यह समझ लू ं कि मेरी अपील पर लोगों ने ऐसा किया है, लेकिन वजह जो भी हो, यह दस परसेंट का कट कर के उन्होंने एक निहायत अच्छा जैस्बर किया है और इस के लिये बे मुबारकबाद के मुस्तहक हैं । जनावे वाला, दूसरे हाउस के चेयरमैन साहब और मिनिस्टर साहबान ने जो एग्जेम्पल देश के सामने रखी है, मुझे उम्मीद है कि इस पार्लियामेंट के मेम्बरान और वे अफ़सरान जिन की तन्ख्वाह एक हज़ार पये से ज्यादा है, उस को फ़ालों करेंगे । वह न तो वैल्थ टैक्स का और न एक्सपेंडिचर टैक्स का हिस्सा है—वह वालन्टेरी ैक्स है ।

13-23 hrs.

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

सब से पहले तो मैं उस आर्ग्युमेंट से लड़ाई करना चाहता हूं, जो कि कल एक साहब ने पेश की थी । उनकी राय यह थी कि नये टैक्सों के लिये नई मशीनरी कायम की जाये । मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि यह ख्याल बिल्कुल गलत है । अब तक जो मशीनरी हमारे पास है, वह निहायत अजीब है । हमारे इनकम-टैक्स आफ़िसर हमारे पुलिस आफ़िसर हैं, हमारे सीक्रेट आफ़िसर हैं । उन के पास खबरें पहुंचती हैं और वही तहकीकात करते हैं, वहीं टैक्स लगाते हैं और जज भी वही हैं । एक ही शख्स जज, पुलिसमैन और विटनैस के फ़ंक्शन्ज परफार्म (Perform) करता है ।

इस सिलसिले में मुझे जो शिकायत है वह दूसरी तरह की है । मैं ने पिछले से पहले साल, जब कि श्री देशमुख फ़ाइनेंस मिनिस्टर थे, इस हाउस में शिकायत की थी कि हमारे देश में फ़सल तैयार खड़ी हैं, लेकिन उस को काटने वाले नहीं हैं । इस देश में बेशुमार ऐसे आदमी हैं, जिन पर टैक्स लग सकता है, लेकिन गवर्नमेंट ने न अब तक इस बारे में कोई सरवे किया है, वह न कोई टैक्स लगाना चाहती है और न वसूल करना चाहती है । मैं ने कहा था कि अगर गवर्नमेंट ठीक तरह से ैक्स वसूल करे तो टैक्स की आमदनी एक तिहाई बढ़ जायगी और मज़ीद टैक्सेशन की ज़रूरत न होगी । इस पर हमारे फ़ाइनेंस मिनिस्टर साहब भी खफा हो गये थे, बड़े नाराज़ हो गये थे, क्योंकि उन का ख्याल था कि ३० करोड़ रुपये से ज्यादा इ ेजन नहीं होता, जब कि मेरा मत था कि इवेजन बहुत ज्यादा होता है । काल्डार की रिपो े के मुताबिक २००/३०० करोड़ का एइवेंजन होता है—अब डिपार्टमेंट भी १७५ करोड़ का इवेज़न मानने लगा है इ ेजन इस से ज्यादा होता है । मेरा अब भी मत है कि अगर गवर्नमेंट ठीक तरीके से इनकम-टैक्स वसूल करे और ट्रेन्ड, आनेस्ट और एफ़िशेन्ट आफ़िसर्ज़ हों, तो बिला शको शुबहा आमदनी बढ़ सकती है और ये तरह तरह के नये नये टैक्स लगाने की ज़रूरत न पड़ेगी, जिन से सात, दस या पंद्रह करोड़ रुपये वसूल होंगे और जो दुनिया में कहीं भी जारी नहीं किये गये हैं । एक सरवे कलकत्ता में किया गया था । लोगों को नोटिस दिये गये, जिस का जवाब उन्होंने दिया । लोग इनकम-टैक्स —पिछला इनकम-टैक्स—देने के लिये तैयार थे, लेकिन डिपार्टमेंट ने उस को वसूल न किया । पिछले दिनों हमारे सामने

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

एक किताब आई थी, जिस में ये सब बातें वाजेह तौर पर दर्ज थी । बम्बई, कलकत्ता और मद्रास जैसे प्रासपरस टाउन्ज में बाजारो के कोनो पर जो दुकानदार बैठते है, उन की आमदनी टक्सेबल से ज्यादा होती है, लेकिन आज तक किसी ने उन को नही पूछा कि तुम्हारे मुह मे कितने दान्त है । अगर मौजूदा कानून से आप रुपया वसूल नही कर पा रहे, तो मै यह कैसे उम्मीद करू कि इस नये कानूनो से आप अपनी आमदनी बढ़ा सकेगें और ये नये टैक्स वसूल कर सकेंगे । आप की मशीनरी एफिशेन्ट नही है । आप टैक्स लगाते जाये, लेकिन उन को वसूल न करे, तो फिर कन्ट्री मे डिस-सैटिसफ़ेक्शन के अलावा और क्या हो सकता है ? इस डिपार्टमेंट मे किस तरह के आफ़िसर्ज है और डिपार्टमेंट कैसे काम करता है, यह इस हाउस से छिपा नही है । पहले के बडे ट्रेन्ड इन्सपक्टर अब खत्म हो चुके है । इन्सपेक्टर साहबान की इन्स्टीच्यूशन ही खत्म हो चुकी है । बडी थोडी सर्विस वाले लड़के इनकम-टैक्स आफिसर और असिस्टेंट इनकम-टैक्स आफ़िसर लगा दिये जाते है । वे हिन्दी के हिसाब को समझ नही सकते है । वे टैक्स लगा देते है और वहीं ऊपर तक चलता है । मुझे एक आनेस्ट इनकम-टैक्स आफ़िसर के बारे मे इल्म है कि जिनसे यह उम्मीद की गई कि किसी साहब के लिए एक गाय सस्त दामो पर दिला दें । वह ऐसा न कर सके । नतीजा यह हुआ कि उन का कैरेक्टर-रोल खराब कर दिया गया और उनकी तरक्की रुक गई और वह अब तक रुकी पडी है ।

उपाध्यक्ष महोदय : वह अब तक अपनी गलती दुरुस्त नही कर सके ?

पंडित ठाकुर दास भार्गव : मैं एक और अफ़सर का जिक्र करना चाहता हू । वह जिस मकान में रहते थे, उस का एक हिस्सा मालिक-मकान के पास था और उस पर उनका काबू न था । वह हिस्सा ज्यादा खबसूरत न था, उस मे कोई फुलवारी वगैरह न थी, वह प्लेजेन्ट टू लुक एट न था । हालाकि उस हिस्से पर इन्कम टैक्स आफीसर साहब का काबू न था, लेकिन फिर भी डिपार्टमेंट के बडे आफ़िसर साहब नाराज हुये और उन्होने उनकी लाग बुक पर लिख दिया कि यह आफ़िसर काबिल नही है, अपने एनवाइरेनमेंट को दुरुस्त नही रख सकता । वह नही जानते थे कि जिस शख्स ने ऐसा एनवाइरेमेंट बनाया हुआ था, वह इनकम-टैक्स आफिसर की परवाह नही करता । वह आफ़िसर निहायत ईमानदार था । पब्लिक उससे बडी खुश थी, लेकिन इसके बावजूद उस को तग किया गया ।

जहा तक इनकम-टैक्स डिपार्टमेंट का सवाल है, वह बिल्कुल इनएफ़िशेंट, करप्ट और इन-एडिक्वेट है । उस के पास काम करने के लिये काफ़ी अफसर नही है । जब श्री देशमुख ने ३६०० से ४२०० की रकम रखी थी, तो इसकी वजह यह थी कि उन के पास अच्छे आफिसर नही थे । मेरी समझ में नही आया कि इन दो सालो के अन्दर क्या इन अफ़सरो के अन्दर इतनी ज्यादा एफिशेंसी आ गई है कि ये इन टैक्सो का ठीक तरह से इतिजाम कर सकते है । मैं इस बात को नही मानता हू । मुझे तो उस बुढिया की बात याद आती है जिसने सुबुक्तगीन को कहा था कि तुम उस इलाके को छोड दो जिस का तुम इंतिज़ाम नही कर सकते हो । तीन हजार की लिमिट को आप हाथ न लगायें अगर इंतिज़ाम नही कर सकते है । मुझे तो ऐसा लगता है कि यह सारे का सारा मामला आपके काबू से बाहर है जब तक सारे का सारा मामला ठीक

नहीं होता तब तक मुझे भय है कि इनकम-टैक्स का जो एडमिनिस्ट्रेशन है वह ठीक तरह से नहीं हो सकता है।

मैं अब तक निहायत ही जरूरी बात की तरफ आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। सारे के सारे इनकमटैक्स के ला के अन्दर जहां तक हिन्दु अनडिवाइडिड फैमिली का ताल्लुक है, उसको शुरू से ही निहायत अनफेयर, निहायत अनरीजनेबल तरीके से पेश आया गया है। आप एक्सपेंडिचर बिल को ही देख लीजिये। उसके अन्दर क्या है। अभी हमारे एक दोस्त ने कहा है कि कालडोर साहब भी कहते हैं कि इंडिविजुअल की आमदनी १०,००० रुपया की इजाजत होनी चाहिये और ऐसे केसज में जहां पर एक तो लड़का है और दो डिपेंडेंट हैं तो उनको डिपेनडन्ट की, हैसियत से अलाऊंस होना चाहिये। मैं अर्ज करना चाहता हूं कि हिन्दु अनडिवाइडिड फैमिली ऐसी भी हैं जिन के अन्दर तीस तीस मेम्बर होते हैं और यह चीज आपकी रिपोर्टों में भी दर्ज है। पांच पांच, दस दस और पन्द्रह पन्द्रह मेम्बर तो आम ही होते हैं। किसी भी हिन्दु फैमिली में कम से कम दो को-पार्सनर्स का होना तो लाजिमी ही है। लेकिन हम देखते हैं कि यह जो इनकम टैक्स ला है इस सारे ला के अन्दर इंडिविजुअल और हिन्दु अन-डिवाइडिड फैमिली को एक ही सतह पर रखा गया है जहां तक टैक्सेशन का सवाल है। फिर चाहे उसके अन्दर १० मेम्बर हों या दो मेम्बर हों। यह तो एक मानी हुई बात है और यूकलिड का कहना भी है कि दी होल इज ग्रेटर देन दी पार्ट। एक इंडिविजुअल और एक फैमिली को एक ही बेसिस पर आप कैसे रख सकते हैं। एक ही बेसिस पर ला कर उन पर टैक्स लगाना बिल्कुल नाजायज है। यह मेरी समझ में नहीं आ रहा है कि यह सब क्यों हो रहा है और कैसे हो रहा है। मैं जब से यह इनकम टैक्स बना है, कोई ७०-८० सालों से, उसकी थोड़ी सी हिस्ट्री अपने नये मेम्बरों की इनफार्मेशन के लिये यहां रखना चाहता हूं। यह एक जजिया हिन्दु अनडिवाइडिड फैमिली पर लगता आ रहा है। अंग्रेजों ने जब इस टैक्स को हिन्दु अनडिवाइड फैमिली पर लगाया उस वक्त हिन्दु अनडिवाइडिड फैमिलीज रिच होती होंगी और मामूली दूसरे आदमी रिच नहीं होते थे। उन्होंने इसको अपने एक और मतलब के लिये भी लगाया था। मैं इस हाउस के अन्दर सन् १९२७ में आया था और सन् १९२८ में यह झगड़ा शुरू किया। हिन्दु अनडिवाडिड फैमिली और एक इंडिविजुअल को एक ही बेसिस पर रखना अन-रीजनेबल है। दुनिया के किसी और देश में इनको एक बेसिस पर नहीं रखा गया है। पहले सुपर-टैक्स के लिये ७५,००० फेमिली के लिये लिमिट रखी गई है और इंडिविजुल के लिये ५०,००० की रखी गई थी। आज सुपर-टैक्स की लिमिट दोनों के लिये एक सी कर दी गई है। इसके आगे फाइनेन्स मिनिस्टर ब्लेकेट साहब, शुस्टर साहब, लियाकत अली खां साहब तथा दूसरे वजीरों ने इसको तसलीम किया और कहा कि यह जो टैक्सेशन का सिलसिला है यह बहुत अनरीजनेबल है। इस मामले को टैक्सेशन इनक्वायरी कमिशन के सामने पेश किया जाय। वहां पर क्या कुछ हुआ इस सब चीज को मैं मिनिस्टर साहब की खिदमत में और इस हाउस में रख चुका हूं और जरूरी हुआ तो मैं इसको फाईनेन्स बिल के वक्त भी पेश करूंगा और इस हाउस के सामने फिर रखूंगा। हमने बहुत झगड़ा किया। कुछ हुआ नहीं। उसके बाद जब हम झगड़ते चले गये तो एक नान-हिन्दू मिनिस्टर आये जिनका नाम सर जान मथाई था और उन्होंने इस पर गौर किया। उन्होंने कहा कि यह जायज नहीं है कि दोनों को (individual और undivided family को) एक ही सतह पर रखा जाये। अगर तीन हजार की लिमिट है और अगर ६ मेम्बर एक फैमिली में हैं और उनको

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

अगर हम टैक्स करते हैं तो हम मेम्बर्स को टैक्स करते हैं। अगर चार मेम्बर हैं तो आप यह न कहें कि हिन्दुस्तान में ३६०० की लिमिट रखी है या आपकी जो लिमिट है वह बहुत बड़ी है। डिप्टी स्पीकर साहब पहले साल लिमिट को ३,००० से ३,५०० कर दिया और अगले साल इसको दुगुना कर दिया। यह एक कम्प्रोमाइज था, रिलीफ नहीं था। क्योंकि जिस घर के अन्दर दो या दो से ज्यादा कोपार्सनर होते हैं उनको उस सूरत में कोई रिलीफ नहीं था। इस के बाद यह मामला इनवेस्टीगेशन कमीशन के सामने पेश किया गया। वहां पर सुप्रीम कोर्ट के जज वगैरह दूसरे लोग थे। उन्होंने इसको देखा और देखने के बाद जो वजूहात पेश की उनपर मैं जाना नहीं चाहता। इस चीज को मैं किसी और मौके पर अर्ज करूंगा। सारी चीज का देख कर उन्होंने एक ऑल्टरनेटिव दिया। उन्होंने कहा कि जिस के अन्दर दो या दो से ज्यादा या तीन या तीन से ज्यादा कोपार्सनर्स हों उनकी टैक्सेबल लिमिट दुगुनी या तिगुनी कर दी जाय। इस तरह से जो रिलीफ मिला वह छोटी फैमिलीज को मिला। इसके बाद टैक्सेशन इनक्वायरी कमेटी बैठी। उसके सामने मैं गया। इस सारी चीज को मैंने उसके सामने नये सिरे से पेश किया। मैं इसमें नहीं जाना चाहता कि वहां पर क्या हुआ और क्या नहीं हुआ। लेकिन एक बात मैं अवश्य अर्ज करना चाहता हूं और वह यह है कि मुझ से सवाल किया गया कि जो इनकम टैक्स अनडिवाइडेड हिन्दू फैमिलीज से वसूल किया जाता है अगर वह वसूल नहीं किया गया तो जो गैप है उसको कैसे पूरा किया जायेगा। कहा गया कि अगर खजाना खाली रहे तो गवर्नमेंट किस तरह से चल सकती है। मैंने कहा कि मैं भी नहीं चाहता कि गवर्नमेंट का खजाना खाली हो। अगर गवर्नमेंट के पास रुपया नहीं होगा तो वह स्कूलों और अस्पतालों पर क्या खर्च करेगी और किस तरह से देश का भला होगा। मैंने आगे कहा कि खजाना पूरा करने के लिये आप हवा पर टैक्स लगायें, पानी पर टैक्स लगायें, लेकिन जो एक बेइन्साफी हो रही है उसको न होने दें। यह जो चीज है यह कान्स्टीट्यूशन के आर्टिकल १४ के खिलाफ है। एक इंडिविजुअल से आप उतना ही टैक्स वसूल करें जितना टैक्स वसूल करना आपके लिये जायज है और जो जायज नहीं है वह वसूल न करें। जिस वक्त लियाकत अली खां साहब यहां पर फाइनेंस मिनिस्टर थे, उस वक्त मैंने उनको हिसाब लगाकर बताया था कि जिस खानदान की आमदनी चार लाख होती है और चार मेम्बर हैं और वह अन-डिवाइडेड हिन्दू फैमिली है तो एक हजार रुपया माहवार ही हर एक के हिस्से आता है। अगर नान-हिन्दू फैमिली है और चार बेटे और बाप शामिल हैं और तजारत करते हैं तो उनकी आमदनी चार हजार के करीब आती है। मैंने इसके बारे में पिछली बार भी फैक्टस एंड फिगर्स दे कर बताया था।

आज इस बिल के अन्दर एलाउंस दिया गया है और डिपेंडेंट की तारीफ दी गई है। तारीफ पर मैं बाद में आऊंगा। हिन्दू फैमिली के जो डिपेंडेंट हैं उसके लिये एक प्राविजो रखा गया है और वह यह है —

'Provided further that where any expenditure claimed by any individual as having been incurred in respect of any of his dependants has been allowed as a deduction from his taxable expenditure, the allowance permissible under this clause in the case of a Hindu undivided family of which the dependant is a coparcener shall be Rs. 2,000.'

औरों के लिये ५००० रखा गया है तो हिन्दू अनडिवाइडेड फैमिली के लिये

२००० ही रखा गया है। मैं पूछना चाहता हूं कि यह किस लाजिक के आधार पर रखा गया है। यह चीज कांस्टीटयूशन की दफा १४ के खिलाफ जाती है। यह कौन सी चीज है जो आप हमारी आखों के सामने करने जा रहे हैं। एक इंडिविजुअल के मुकाबले में एक फैमिली ,जिस मे दस मैम्बर हो सकते हैं उसका एक्सपेंडिचर जरूर अगर दस गुना नहीं तो कम से कम इतना ज्यादा कंसिड्रेबल जरूर होगा जिसका कोई ठिकाना नहीं। दोनों के लिये एक लिमिट भी रखना कहा का इंसाफ है। मैंने इस चीज को मनवाने के लिये अजहद कोशिश की लेकिन मानी नहीं गई। लेकिन मैंने कभी भी इसका पीछा नहीं छोड़ा। मैंने यहा पार्लियामेंट मे आकर प्रेजिडेंट साहब की खिदमत मे एक अर्जी भेजी कांस्टीटयूशन की एक खास दफा के तहत। लेकिन बिल हाउस में रखने की मुझे इजाजत नहीं दी गई। मैंने एक बिल भी भेजा था कि हिन्दु अनडिवाइडिड फैमिली का जिक्र इन्कम टैक्स ला में से ही हटा दिया जाये और मैंने चाहा था कि इसको किसी एग्जेक्टिव एक्शन के जरिये से न किया जाये बल्कि इसका फैसला पार्लियामेंट में हो। उसकी भी इजाजत मुझे नहीं दी गई और मैं समझता हू कि गवर्नमेंट ने इसको इजाजत मुझे नहीं दी। इसमे प्रेजिडेंट की परसनेलिटी का सवाल नहीं है। आज कट्टी नहीं चाहता कि कोई खराब बात की जाये और लोग नहीं चाहते कि उन्हे टैक्स अदा करने के लिये मजबूर किया जाये जो टैक्स अदा करने के मुस्ताहिक नहीं हैं। लेकिन गवनमट इस गलती को न रीयलाइज ही करती है और न ही इंसाफ करना चाहती है। यह जो लिमिट है इसको कम से कम तीन टाइम्स तो रखा जाये। हमारे फाइनेंस मिनिस्टर साहब ने तो इसको यककलम खत्म ही कर दिया है। इसके अन्दर जो तमीज की गई है वह इतनी नावाजिब है जिसका कोई ठिकाना ही नहीं है। आप इस लिमिट को इस बिल से दुगना तो रखते। ऐसा न करके, आपने इसको पौना ही कर दिया है और उसके अन्दर जनाबवाला क्या रियायत रखी है; एक इंडिविजुएल और एक अनडिवाइडेड हिन्दू फैमिली को जहा तक इनकम टैक्स के रेट का सवाल है, एक ही जगह रख दिया है। इस नुक्ता निगाह से यह बिल इस किस्म का है कि या तो हाउस इस बिल को उठा कर फेंक दे या इस प्राविजन को बिलकुल निकाल दे और इसके अलावा दूसरा कोई रास्ता नहीं रहता। मैं उम्मीद करता हू कि सेलेक्ट कमेटी इस चीज को बड़ी गौर से देखेगी। मैं सेलेक्ट कमेटी के हर एक मेम्बर की खिदमत मे अर्ज करना चाहता हू कि वह इस प्वाइंट आफ व्यू को देखे जो मै इस मौके पर पेश कर रहा हू और उसके मुताबिक इसको दुरुस्त करे।

जनाबवाला मैं इस इनकम टैक्स ला की चूंकि मैं इन टैक्सो के हक में हू, मैं उनकी दीगर बहुत सी बातों मे नहीं जाना चाहता। जनाबवाला मुलाहजा फरमायेंगे कि इन दो बिलो में और हमारे फाइनेंस एक्ट में प्रोसीजरल प्राविजंस एक से हैं और वह एक ऐसी चीज है कि जिसको वजह से या तो देश की जनता मे एडमिनिस्ट्रेशन के लिये सैटिसफैक्शन हो सकता है या डिससैटिसफैक्शन हो सकता है। वह दिन वाकई मुबारक दिन होगा जिस दिन लोग खुद आ आ कर कहेंगे कि यह टैक्स हमारे जिम्मे है और हम खुशी से उसको सरकार के खजाने में दाखिल करने को तैयार हैं और सरकार हम से वह टैक्स ले ले। भारत के स्वाधीन होने के बाद मे समझता हू कि बेशुमार आदमी हिन्दुस्तान में ऐसे मौजूद हैं जो यह नहीं चाहते कि सरकार का एक पैसा भी जो उसको टैक्स की शक्ल मे मिलना चाहिये वह उनके पास रह जाये और वह उसको खुशी खुशी देना चाहते हैं। उनकी शिकायत यही है कि एडमिनिस्ट्रेशन आफ इनकम टैक्स का हार्श और प्रौप्रेसिव है। इस वैल्थ टैक्स के

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

बारे में हमारे फ़ाइनेंस मिनिस्टर साहब ने अपनी तकरीर में यह फरमाया कि मुझे नही मालूम कि कौन शख्स इसके खिलाफ है क्योंकि जिन लोगो पर यह टैक्स लगेगा वे अपनी सीटस पर से खडे हो कर मुझे मुबारकबाद देते हैं और फाइनेंस मिनिस्टर ने कहा कि हर जगह जहा वे जाते हैं उन को यही सुनने में आता है कि यह वैल्थ टैक्स आपने बहुत अच्छा लगाया । इसके मुताल्लिक मेरी फाइनेंस मिनिस्टर साहब की खिदमत मे गुजारिश यह है कि लोगो की शिकायत यह है कि यह जो इनकम टैक्स ला बना हुआ है वह बिलकुल वन साइडेड है और पबलिक के हक में नही है । होना यह चाहिये कि इनकम टैक्स डिपार्टमेंट और उसके अफसरान हर ऐसे से उतना ही ले जितना वाजिब हो और एक पैसा ज्यादा न ले लेकिन हमारे देश मे हालत ऐसे नही है और यहा पर उस इनकम टैक्स अफसर की तरक्की हो जाती है जो ज्यादा टैक्स लगाता है और इस तरह की इसमें चीजें मौजूद हैं जिनमे यह वाजे हो जाता है कि यह जो इनकम टैक्स एक्ट बना हुआ है यह सारा का सारा वन साइडेड और खास प्वाइट आफ व्यू से बनाया गया है । सन् १६५३ में यहा पर एक बिल आया था और मैं सेलेक्ट कमेटी का चेयरमैन था और हमने वहा पर बडी कोशिश की और इस पबलिक प्वाइट आफ व्यू को रखा कि जितनी इसके अन्दर तरमीम हो सकती है की जाय । मैं श्री सी० डी० देशमुख का निहायत मशकूर हू कि उन्होंने हमारे साथ कोआपरेट किया और उन्होंने कोशिश की कि वह चन्द एक मामले जिन पर कि हम बहुत स्ट्रौंगली फील करते थे दुरुस्त हो जाय लेकिन मुझे अफसोस के साथ कहना पडता है कि बावजूद उनके सारे कोआपरेशन के हम उसमें कामयाब नही हो सके और हम वह तबदील नही कर सके क्योंकि मिनिस्ट्री वाले और बोर्ड आफ़ रेवेन्यू वाले कही ज्यादा मजबूत है और वह शायद अपने नुक्ते निगाह से उसे दुरुस्त ही समझते हों और ऐसा मानते हो कि जो शख्स देश की आमदनी को बढ़ाता हो उसे हमें बुरा नही कहना चाहिये भले ही वह हार्श हो जाय । दरअसल में इस ला का एडमिनिस्ट्रेशन इस तरह से होना चाहिये कि हर एक आदमी खुशी से टैक्स दे और यह महसूस न करे कि मेरे साथ ज्यादती हुई है ।

सबसे पहले मैं चन्द खामिया जो हमारे प्रोसीजरल मामले में हैं, उनकी तरफ हाउस का ध्यान दिलाना चाहता हू । जहा तक इसपेक्टिग असिस्टेंट कमिश्नर का सवाल है, जाहिर है कि यह अफसर बडा भारी ओहदेदार है लेकिन यह अफसर इनकम टैक्स अफसर को एसेसी की बैक पर सलाह देता है एसेसी उसके सामने नही आता और सिर्फ कागजात देख कर इनकम टैक्स अफसर को उसकी बाबत सलाह दे देता है असेसी की बैक पर सलाह दे देता है कि उस पर इतना टैक्स लगा दो । मैंने इसके मुताल्लिक पहले भी अर्ज किया था और आज भी कहना चाहता हू कि अगर इसपैक्टिग असिस्टेंट कमिशनर असेसी को बुला कर और सारे मामले को सुन कर बाद मे इनकम टैक्स अफसर को सलाह दे तो मुझे कोई एतराज नही है । बगैर असेसी को सुने हुये असेसी की बैक पर इनकम टैक्स अफसर को चुपचाप कोई बात कह दे, मैं उसके सख्त खिलाफ हू । यह जो इसपेक्टिग असिस्टेंट कमिशनर है, उसका ओहदा इस लिहाज से निहायत डेंजरस है यह पोस्ट अफसर है और बगैर एसेसी को अपने सामने बुलाये उसको सुनें, इनकम टैक्स अफ़सर को उसकी बाबत सलाह दे देता है । इससे लोगो को सख्त नुकसान पहुचता है और लोग सख्त नाला है । मैं चाहता हू कि इस अफ़सर के यह अधिकार छीन लिये जायें या फिर कुछ और किया जाय । क्योंकि इस किस्म की चीज असेसी को बहुत दुख देने वाली है । मैं अदब से अर्ज करूगा कि इसकी जितनी जल्दी

हो सके दूर किया जाना चाहिये । आखिर जो लोग टैक्स देते हैं वह कम से कम इतना तो जरूर चाहते हैं कि जो अफसर उनके ऊपर टैक्स लगायें वह उनकी कुछ तो सुन लें, वह उनकी कहानी तो सुन लें और फिर बाद में मरजी मुताबिक़ टैक्स भले ही लगा लें ।

दूसरा बड़ा अफ़सर जो हमारे सामने आता है वह असिस्टेंट एपैलेट कमिश्नर है । और उसकी बाबत हमारे एक दोस्त ने ठीक ही फ़रमाया था कि वह जुडिशल अफसर है । जनाब को मुझे याद दिलाने की जरूरत नही है कि हमने अपने कास्टीट्यूशन में सेप्रेशन आफ़ एग्जीक्यूटिव और जुडीशरी के वास्ते एक खास आर्टिकल रखा हुआ है । यह अफसर ऐसा है जो इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की प्रेस्टिज और रेपुटेशन को कायम रखने वाला है । आम तौर पर बडा अफसर जो मुक़र्रर होता है वह इंडिपेंडेंट व्यू लेता है लेकिन उसके अन्दर एक स्नैग मौजूद है कि जो मेरी समझ में नही रहना चाहिये । उस अफ़सर का प्रमोशन और ट्रान्सफ़र वगैरह सब चीजें बोर्ड के अख्त्यार में हैं । हमने श्री देशमुख के जमाने में कोशिश की थी कि इसको हाईकोर्ट के मातहत कर दिया जाय और इसको बिल्कुल इंडिपेंडेंट रखा जाय । यह सही मानो में बिलकुल एक जुडिशल अफसर है और अगर इसको हाईकोर्ट के मातहत कर दिया जाय तो लोगों को बेहद फ़ायदा पहुंचे और एक साइकालिजिकल सैटिसफ़ैक्शन लोगों को हो जायेगा कि हमारा मामला गवर्नमेंट का जो एक कलेक्टिंग अफ़सर है उसके आगे वह जुडिशल अफ़सर के सामने जायेगा जो कि बिल्कुल इंडिपेंडेंट जुडिशल अफ़सर होगा । लेकिन दफ़ा १२ में यह अल्फ़ाज लिखे हुये हैं :

"All officers and other persons employed in the execution of this Act shall observe and follow the orders, instructions and directions of the Board:

Provided that no orders, instructions, or directions shall be given by the Board so as to interfere with the discretion of the Appellate Assistant Commissioner of Expenditure-tax in the exercise of his appellate functions."

यही अल्फ़ाज वैल्थ टैक्स में थे और यही अल्फ़ाज हमारे इनकम-टैक्स ला में हैं । मेरी अदब से गुजारिश है कि सेलेक्ट कमेटी इस चीज को दुरुस्त कर ले और इसको बोर्ड के मातहत न रख कर इसका प्रमोशन, ट्रान्सफर वगैरह सब कुछ हाईकोर्ट के मातहत कर दे तो वह बड़ा इंडिपेंडेंट जुडिशल अफ़सर होगा और ऐसा होने से लोगों को एक बहुत साइकालाजिकल सैटिसफैक्शन होगा । अब जब कि इनकम-टैक्स का दायरा वसीय होता जाता है, वैल्थ टैक्स, एक्सपेंडिचर टैक्स, और न जाने क्या क्या टैक्स आयेंगे, वह निहायत जरूरी है कि जो बेसिक शख्स है, जिसके हाथ में फ़ैसला देना है, उसको बोर्ड आफ़ रेवेन्यू से इंडिपेंडेंट बनाया जाय । यह बोर्ड आफ रेवेन्यू से ओवररिडेन नही है । अपेलेट असिस्टेंट कमिश्नर को इंडिपेंडेंस देना निहायत वाजिब होगा और इससे जनता को भी सैटिस्फ़ैक्शन होगा । इसको सीधे हाईकोर्ट के नीचे रखना चाहिये ।

इसके बाद मैं आपकी तवज्जह अगली प्राविजन की तरफ दिलाना चाहता हूं । जहां पर सवाल आता है कि किसी असेसी का कि उसको क्या हक है, मैं अर्ज करता हूं कि असेसी का एक इंडिफीसिबलराइट है और वह यह है कि जिस इनकम टैक्स आफिसर या किसी आफिसर के पास वह जाये तो उसकी बहस सुनी जाये । यह नही कि उसको सुनने से इनकार कर दिया जाये । शायद जनाब यह खयाल फ़रमाते होंगे कि मैं एक एलिमेंटरी बात की तरफ़ तवज्जह दिला रहा हूं, लेकिन मैं अर्ज करना चाहता हूं कि इस प्वाइंट पर यह दर्ज है कि अफ़सर एविडेंस को देखेगा, यह भी दर्ज है कि अगर

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

वह टैक्स एन्हैन्स करता है तो उसको सुना कर करे । लेकिन यह प्राविजन नहीं है कि उसकी एविडेंस के बाद उसकी बहस को भी सुन लेगा । मैं जनाब की तवज्जह दफ़ा १६ की तरफ़ दिलाना चाहता हूं जिसके अन्दर यह लिखा है कि उसकी एविडेंस को, सुने, लेकिन यह नही लिखा है कि एविडेंस सुनने के बाद उसकी बहस को सुन ले । वैल्थ टैक्स की दफ़ा १६(५) एक्स्पेंडिचर टैक्स की करेस्पांडिग दफ़ा है । उसमें भी लिखा है कि टू बि बेस्ट आफ हिज जजमेंट फैसला करे, लेकिन यह दर्ज नही है कि उसको सुने । आखिर वह कैसे फैसला करेगा ? अगर कोई शख्स कुसूर करता ही है और उसको हियर नही किया जाता है तो फ़ैसला कैसे कर सकता है ? दफ़ा १६ मे तो यह कहा गया है कि उसे सुने भी नही, उसके बखिलाफ जो चीजें हैं, उन्हें जाहिर भी न करे । क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की दफा ३४२ के मातहत यह नही होता । हाईकोर्ट मौका देता है । मान लीजिये कि इनकम टैक्स आफिसर के दिमाग मे है कि यह चीज किसी शख्स के बखिलाफ़ है तो उसका फर्ज है कि वह उसको बतलाये कि तुम्हारे बखिलाफ यह चीजे हैं । लेकिन इस चीज के लिये कोई प्राविजन नहीं है । अगर मेरी बात को सुने बगैर कोई मुझ पर दस रुपया टैक्स भी लगा दे तो मै उसे नहीं भूलूगा । मै चाहता हू कि सेलेक्ट कमेटी इस को दुरुस्त करे और जो प्राविजन मौजूद नही है, उस को पूरा करे ।

आगे चल कर दफा १६ मे क्या सूरत है ? सारे हिन्दुस्तान मे, और दो एक मुल्को को छोड़ कर सारी दुनिया मे ला आफ लिमिटेशन जारी है । हमारे यहा पुराने जमाने में कोई शख्स भी अपने कर्जे को जरूर देता था चाहे फ़िर वह उसके बाप दादे का ही क्यों न हो । लेकिन जब से ला आफ लिमिटेशन लगाया गया है तब से अगर कोई लाइबिलिटी हो, उसके खिलाफ लिमिटेशन हो जाता है । इनसान की आज जो भी जिन्दगी है, वह सारी की सारी लिमिटेड है और उसके हालात में तब्दील होती रहती है । इस लिमिटेशन एक्ट को थोड़ा ही अर्सा हुआ है कि यह तरमीम की गई थी । जहां तक हमारे इनकम टैक्स की वसूलयाबी का सवाल है आप उसकी तरफ देखिये । वह एक बिलकुल वन साइडेड ला है और ठीक नहीं है । आपको चाहिये था कि ऐसी तरमीम लाते जिस से वह भी ठीक होता । उस में लिखा है

> "he may, in cases falling under clause (a) at any time, and in cases falling under clause (b) at any time within six years. . ."

मेरी नाकिस राय मे ए के वास्ते छ. साल (6 years) और बी के वास्ते तीन इयर्स होना चाहिए था । मैं सेलेक्ट कमेटी से अर्ज करूगा कि इस लाइफ की लिमिटेशन्स को देखते हुये ऐसी तरमीम करे कि यह ला बिलकुल ठीक हो जाये । बिटवीन मैन टु मैन आज लिमिटेशन कानून हर मामले में लागू है । यह वाजिब नही है कि इनकम टैक्स की वसूली के लिये मीयाद का कानून लागू न हो ।

आज मुझे लगता है कि आपका वैल्थ और एक्स्पेंडिचर टैक्स कहीं बिखर न जाये । आज अगर हमारे मुल्क मे ऐसे एसेसीज की तादाद सिर्फ ३६,००० है तो दूसरे मुल्कों मे ३६०,००० होगी । यहा कौन वैल्दी आदमी है ? देश मे सही मानो मे १००० आदमी से ज्यादा मालदार आदमी नही मिलेंगे । इस ३६,००० मे से बहुत से गरीब है, वह रिअली वैल्दी नहीं है, जब तक उनके पास रुपया है, वह अमीर है, आज सट्टा खेल डाला कि फिर कुल्लांच बन जाते है । सरकार जो रुपया उनको पकड़ने में खर्च करेगी क्या वह भी उन से मिल सकेगा ? अभी हमारे मुकर्जी साहब ने बताया कि

१८० करोड़ रुपया Arrears बकाया पड़ा हुआ है, आखिर सरकार ने कितने लोगों को जेल में डाला है ? कानून में कहीं पर कमी है जिसकी वजह से इवेजन होता है तो इस कानून में है । मैं बहुत दफ़ा कह चुका हूं कि जो लोग गलत इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करते है, छिपा कर करते हैं, या झूठे इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करते हैं, सरकार उन से पूछती नहीं है । और अगर पूछती है तो उन पर वह क्या पैनेलिटी लगाती है । इंडियन पेनल कोड की १९३ धारा मौजूद है जिसमे है कि अगर कोई शख्स झूठा रिटर्न देता है तो उसको कैद में भेजा जाये । उन पर सिर्फ कैद का असर होता है, दूसरी किसी चीज का असर नही होता । इन बड़े आदमियों में से दस बीस को कैद मे भेज दीजिये, गलत रिटर्न आने बन्द हो जायें । लेकिन होता क्या है कि उस पर बढ़ा कर पेनेलिटी लगा दी जाती है, ड्योढ़ी पैनेलिटी लगा दी, उसका असर किस पर होगा ? ड्योढ़ी पैनेलिटी वसूल किससे होगी ? मैं कहना चाहता हूं कि इनकम टैक्स ला जैसा है , उस पर अमल नहीं किया गया । इस मे भी कोई प्राविजन इस बात का नही है कि अगर कोई झूठा रिटर्न दे तो उस को कैद कर दिया जाये । इस तरह की कार्य-वाही जालसाजी में शामिल होती है । लोग दो दो हिसाब रखते हैं । लेकिन उस के मुकाबले सरकार ने क्या किया ? क्या उसने किसी आदमी को कैद किया ? मै चाहूगा कि आनरेबल फाइनेन्स मिनिस्टर साहब जवाब दे तो फिगर्स दे कि इस चीज के लिये कितने आदमियों को पेनली प्रोसीक्यूट किया गया । हमारी सरकार बिजनेस नही चाहती, वह चाहती है कि पैसा आप ही वसूल होता रहे, वरना क्या उसके काम करने का यह तरीका होता ? इसलिये मैं अर्ज करूंगा कि यह प्राविजन होना चाहिये कि अगर इन दि फर्स्ट इन्स्टेंस साबित हो जाये कि फलां शख्स ने गलत रिटर्न दिया है, तो उस जुर्म करने वाले को जरूर कैद की सजा दी जाये । जुर्माना न किया जाए ।

मै जनाब की तवज्जह एक चीज की तरफ और दिलाना चाहता हूं । दफ़ा २० Wealth Bill में जो हिन्दू ज्वाएंट फैमिली के मुताल्लिक़ है उस में बहुत डिस्क्रिमिनेशन है । मै अर्ज करूंगा कि सेलेक्ट कमेटी उस डिस्क्रिमिनेशन को दूर कर दे । डेट आफ पार्टिशन के मुताल्लिक डिस्क्रिमिनेशन है जो कि वाजिब नहीं है । मुझे इसका बहुत अफसोस है कि मुझे Wealth Bill पर बोलने का वक्त नही मिला नहीं तो मै बहुत सी नई बाते उस बिल के मुताल्लिक अर्ज करता ।

इसके बाद मै एक दफ़ा पर और आता हू । दफा २३ के अन्दर अपील में अपेलेट कोर्ट्स एविडेंस को सुनेंगे लेकिन बहस सुनने की पाबन्दी नही है । उसमे जो दफ़ा है उसमें लिखा है कि वह उसे जरूर सुनेंगे, लेकिन तब जब कि टैक्स एन्हैन्स करना होगा । ओरिजिनल टैक्स के लिये कोई प्राविजन नही है कि असेसी को सुना जायेगा । यह गलत है ।

चुनाचे दफ़ा २४ मे लिखा है :

> "The Appellate Tribunal, may, after giving both parties to the appeal an opportunity of being heard, pass such orders..."

मै चाहता हूं कि यह जो आपार्चुनिटी है इनकम टैक्स आफिसर के बारे मे यही फर्स्ट कोर्ट के बारे मे भी होना चाहिये । ऐसा नही होगा तो इनकम टैक्स आफिसर को अख्तियार है कि उसकी बात को सुने या न सुने ।

14 hrs.

अब मै आपकी तवज्जह दफ़ा २५ की तरफ़ दिलाना चाहता हूं । यह दफा कमिश्नर साहब की पावर्स के बारे में है । लेकिन बड़े ताज्जुब की बात है कि कमिश्नर साहब को यह अख्तियार तो दिया गया है कि अगर वह देखें कि सरकार को नुकसान

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

हो रहा है तो असेसमेंट को रिवाइज कर दें, लेकिन इसमे यह अख्तियार नहीं दिया गया है कि अगर कोई शख्स जो कि एग्रीव्ड हो उसकी दरख्वास्त पर कमिश्नर साहब रिवाइज कर सके या अगर वह खुद देखें कि किसी पर ज्यादा असेसमेंट हो गया है तो उसको कम कर दे। यह अख्तियार भी होना चाहिये।

मै हाईकोर्ट के रेफ़ेरेंस के बारे मे कुछ नही कहना चाहता।

अब मै आपकी तवज्जह दफा ३१ की तरफ दिलाना चाहता हू। इसमे अख्तियार दिया गया है कि अगर इनकम टैक्स आफिसर चाहे तो डिफाल्ट न समझे। इसके अल्फाज है

"Notwithstanding anything contained in this section, where an assessee has presented an appeal under section 23, the Wealth-tax Officer may in his discretion treat the assessee as not being in default as long as such appeal is undisposed of"

जनाबवाला, यह ऐसा मामला है कि जैसे किसी शख्स पर डिग्री हो जाये, आर्डर पास हो जाये। अपीलेट कोर्ट को अख्तियार है कि डिग्री को बन्द कर दे, या सिक्यूरिटी के ले या और किसी तरह बन्द कर दे। इसमें इनकम टैक्स आफिसर को यह अख्तियार दिया गया है जो कि एग्जीक्यूटिंग कोर्ट है। मै चाहता हू कि बडी अपीलेट कोर्ट के लिये भी यह अख्तियार होना चाहिये। मै अदब से अर्ज करना चाहता हू कि उसूल तो यह होना चाहिये कि जब तक किसी की अपील फैसल न हो जाये तब तक उसकी जायदाद को नीलाम न किया जाये क्योंकि हो सकता है कि अपील मे फैसला कायम न रहे। लेकिन इसका एक और भी पहलू है कि अपील फैसल होने मे बहुत देर लगे और इस अर्से में असेसी अपनी जायदाद को ट्रांसफर कर दे। इसलिये कम से कम हायर कोर्ट्स को यह अख्तियार होना चाहिये और फर्स्ट कोर्ट को भी यह अख्तियार रहे तो मुझे ऐतराज नही है। अगर असेसी चाहे तो ऊपर से आर्डर ले आये और स्टे करवा ले। मै अदब से अर्ज करना चाहता हू कि यह चीज इस बिल में आनी चाहिये।

इसके आगे इसमे सेक्शन ३५ है जो कि रेक्टीफिकेशन आफ मिस्टेक्स के बारे में है। इस रेक्टीफिकेशन के लिये चार साल की मीयाद दी गई है। मै चाहता हू कि इसमें गवर्नमेंट के लिये दो साल की और असेसी के लिये चार साल की मियाद रखी जानी चाहिय क्योंकि गवर्नमेंट के पास तो इस काम के लिये एक मुहकमा है जो कि हर एक चीज के पीछे पडा रहता है और अगर वह मिस्टेक करता है तो उसको ठीक करने के लिये दो साल की मियाद काफी होनी चाहिये। लेकिन एक प्राइवेट आदमी तो कुछ नही जानता, न उसको सारे कायदे मालूम होते है। उसके लिये चार साल की मियाद रखनी चाहिये।

Mr. Deputy-Speaker: The hon Member has been continuing to give reference to Wealth Tax clauses

Pandit Thakur Das Bhargava: The sections are the same but they are numbered different Where they are different, I have indicated them.

Shri T. T. Krishnamachari: What does it matter? It is all tax. You speak on some tax

पंडित ठाकुर दास भार्गव अब मै आपकी तवज्जह दफा ३३ की तरफ दिलाना चाहता हू। इसमे जो प्राविजन है वह इनकम टैक्स इनवेस्टीगेशन की लिगेसी है। मैंने उस वक्त भी यह ऐतराज किया था कि इस तरह की लाइबिलिटी असेसी पर न डाली जाये। यह तो इनकम टैक्स आफिसर का फर्ज है। लेकिन उस वक्त तो वह चीज पास हो गई। अब अगर इस बिल में से

इस चीज को हटा दिया जाय तो बहुत अच्छा हो। लेकिन मुझे इसका हटाया जाना मुश्किल नजर आता है।

अब मैं जनाब की तवज्जह दफ़ा ३४ की तरफ दिलाना चाहता हूं। इसमें लिखा हुआ है :

"Whenever in respect of any proceeding under this Act any expenditure-tax authority ceases to exercise jurisdiction and is succeeded by another who has and exercises such jurisdiction, the authority so succeeding may continue the proceeding from the stage at which the proceeding was left by his predecessor."

मुझे इस पर सख्त एतराज है। यह इनकम टैक्स का मामला नहीं क्रिमिनल का मामला है। इसमें फाइन लिया जाता है।

Shri A. S. Sarhadi (Ludhiana): On a point of order, is it necessary to discuss the clauses in detail at this stage when the Bill is being referred to the Select Committee?

Mr. Deputy-Speaker: It is being referred to the Select Committee and some points are being given out so that it may specially direct its attention towards these clauses.

पंडित ठाकुर दास भार्गव : मैं चाहता हूं कि इसमें सिलेक्ट कमेटी असेसी को यह अख्तियार दे कि अगर वह चाहे तो डीनोवो प्रोसीडिंग्स शुरू करा सकता है। हो सकता है कि जो चीज पहले इनकम टैक्स आफिसर के सामने आई है और जिसकी वजह से उसका इम्प्रेशन अच्छा हो गया हो वह चीज दूसरे आफिसर को जब वह उसके रूबरू पेश नहीं होगी अपील नहीं करे। मैं नहीं चाहता कि प्रोसीडिंग्स लम्बा हो, लेकिन अगर वह अख्तियार असेसी को नहीं दिया जायेगा तो जिस शख्स पर टैक्स लगता है उसके हुकूक खत्म हो जायेंगे। इसलिये मैं चाहूंगा कि असेसी को अख्तियार हो कि अगर वह चाहे तो प्रोसीडिंग्स को डीनोवो शुरू करवा सके।

अब मैं जनाब की तवज्जह दफ़ा ३६ की तरफ दिलाना चाहता हूं जो कि सरविस के मुताल्लिक है। सिविल प्रोसीज्योर कोड में यह कायदा है कि परसन पर सरविस होनी चाहिये। लेकिन इसमें लिखा है :

"A notice or a requisition under this Act may be served on the person therein named either by post......"

जनाब को मालूम है कि समन्स के लिये यह पहला उसूल है कि सरविस परसनल होनी चाहिये। अगर वह फेल हो जाये तो दूसरी तरह की सरविस होती है। यहां पर पोस्ट का प्रोवीजन है। यह मुनासिब चीज नहीं है। यह टैक्स का मामला है। इसमें तो सरविस के बारे में और भी ज्यादा तवज्जह होनी चाहिये। मैं चाहूंगा कि सिलेक्ट कमेटी इस तरफ भी तवज्जह दे। इन मामलों में ये छोटी छोटी प्रोसीज्योर की बातें बहुत अहम होती हैं। इनकी तरफ कम तवज्जह देना या तवज्जह न देना जायज नहीं है। इनकम टैक्स प्रैक्टीशनर्ज के बारे में मैं कुछ अर्ज नहीं करना चाहता हूं। इस बारे में फाइनेंस मिनिस्टर ने जो कुछ फरमाया है, मैं उससे मुत्तफ़िक हूं। उनका एपरोच बिलकुल सही है कि क्वालिफिकेशन्ज मुकर्रर कर दी जायेंगी और उनके मुताबिक जो काबिल साबित होंगे, वे रख लिये जायेंगे। दफ़ा ४ में ये लफ्ज हैं

"In computing the expenditure liable to tax under this Act, the following amounts shall be included, namely, any expenditure incurred, whether directly or indirectly, by a person other than the assessee in respect of any obligation or personal requirement of the assessee or any of his dependants which, but for the expenditure having been incurred by that other person, would have been incurred by the assessee."

मैं इस बारे में क्लेरिफिकेशन तलब करना चाहता हूं। फाइनेंस मिनिस्टर साहब बराय

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

मेहरबानी यह बतायें कि यहां इनडाइरेक्टली से उनकी क्या मुराद है। अगर किसी की शादी में कोई रिश्तेदार—मामा वगैरह—दस हजार रुपये का माल ला दे, तो क्या वह भी उस शख्स के जिम्मे समझा जायेगा ?

Shri T. T. Krishnamachari: That is precisely what we want to avoid.

Pandit Thakur Das Bhargava:. Supposing a Mama, brother of the mother, brings Rs. 10,000 by way of gift at the time of marriage, will that be regarded as an expense incurred by this person indirectly?

Shri T. T. Krishnamachari: If it is contributed for the marriage of the daughter then 'yes'.

Pandit Thakur Das Bhargava: It is a contribution of the Mama. That is a very dangerous thing. The word 'indirectly' should be taken away. I would respectfully ask the Finance Minister as well as the Select Committee to kindly look into this question.

Shri T. T. Krishnamachari: One can have a dozen Mamas, both real and unreal.

Pandit Thakur Das Bhargava: They pay it out of their own pockets. It is not he who is responsible for it. He cannot also refuse it. You are now making this man responsible for it. I would request you kindly to consider this point.

Then, in clause 5(1)(a) the words "wholly and exclusively" should be taken away. In clause 5(2) it is said:

> "Where any expenditure is not wholly and exclusively incurred for any of the purposes specified in sub-section (1), the provisions of that sub-section shall apply in respect of so much of that expenditure as is reasonably attributable to any such purpose."

When "reasonably attributable expenditure" is provided for in subclause (2) I do not see any reason why the words "wholly and exclusively" should be there in sub-clause 1(a). I would, therefore, request the Select Committee to look into this question also.

As regards "dependants", Sir, in the definition so far as an individual is concerned it is said:

> "Where the assessee is an individual, a son or daughter wholly or mainly dependant on the assessee for support and maintenance."

I think it includes major sons and daughters also if they are dependants. At the same time, I would like to know whether, if there are three sons and two daughters all will be dependants or not. From the speech of the hon. Finance Minister I thought that he was limiting the number of dependants to one or two. In view of the fact that the Government is out to see that the population of India does not increase, I think it is a wise decision. But so far as these words go they are capable of being interpreted that son and daughter mean any number of sons and any number of daughters.

May I humbly ask, what has the poor parent done? After all a parent can also be a dependant on the son. This is an expenditure tax for India and not for France or England. In India a parent may be wholly dependant upon his son.

Shri T. T. Krishnamachari: The son can spend Rs. 5000 less on himself and spend it on his parents.

Pandit Thakur Das Bhargava: Similarly he can also do in regard to sons and daughters also. I do not see any logic between the two. There is the son, the daughter and there are also the parents. If one has two sons, one daughter—that is the number allowed in Japan—and parents, after spending Rs. 25,000 on them what will remain for himself and his wife. I should, therefore, think that

for India the rule ought to be different. I would suggest that parents may also be included

Then, what is to be done with the wife so far as the allowance is concerned?

Mr. Deputy-Speaker: That the hon Member himself must be knowing much better

Pandit Thakur Das Bhargava: Here we are to be guided by you, Sir You will be pleased to find, Sir, that on page 4 under sub-clause (d) a basic allowance of Rs 24,000 and a further allowance of Rs 5,000 is provided for in respect of each dependant There is no mention of wife The hon Finance Minister when he was making the speech said that an individual included both himself and his wife But here there is no mention of wife I should, therefore, think, if wife is a dependant she should also be provided for, if she is invisible in (d) that is a different matter

Mr. Deputy-Speaker: I hope the hon Member does not require an answer immediately from the Finance Minister

Pandit Thakur Das Bhargava: No, Sir. The Finance Minister is very clever for all of us He will always say that he will leave it to the Select Committee and I know that the Select Committee will only do what he wishes the Select Committee to do He also knows that we will also

Mr. Deputy-Speaker: We should not say that much.

Pandit Thakur Das Bhargava: Why not? He is so clever, so wise that, I should say, his advice is accepted by all of us Originally, when he framed the Finance Bill and we were hearing him speaking about these taxes one after the other we were all very much against him. When he sent us a note explaining all these things, as a matter of fact, many of us were converted I submitted here in this House that I was one of those who were converted I know with his reasoning in his speech he will convert us all, but I am submitting all these things for his conversion

Shri T. T. Krishnamachari: As a piece of evidence of his persuasiveness I will straight-away offer that I shall provide in the Expenditure Tax Bill a provision analogous to Section 33A of the Income-tax Act Straightway I am accepting the suggestion made by him He suggested that there should be a revision in favour of the assessee and the power that we possess now under Section 33A of the Income-tax Act should be incorporated here I am prepared to accept it

Pandit Thakur Das Bhargava: Sir, I am really very unfortunate that the hon Minister was not here when I started my speech Had he heard those portions of my speech I am sure he would certainly have been converted to my views

I think, Sir, that that Finance Minister is successful in whose regime the people love the taxes which he imposes upon them. I should like to congratulate our Finance Minister because he has received so many congratulations here in this House Everybody has liked these two taxes except, perhaps, myself So far as I am concerned, my reasons for congratulations are quite different. I consider him as a very successful Industries Minister When he was Minister for Commerce and Industries there was open general licence and every industrialist was happy When he is Finance Minister, all of us are happy because we know that he will see that the Five Year Plan is implemented. After his tenure as Finance Minister I would like him to become the Minister for Rehabilitation so that the refugees will be happy too.

श्री रा० क० शर्मा (निमाड़) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि माननीय सदस्य ने आधा भाषण हिन्दी में दिया है और अब आधा अंग्रेजी में दे रहे हैं। दोनों ही भाषण श्रोताओं के लिये अधूरे रह गए हैं, जिस का परिणाम यह हुआ है कि न हिन्दी जानने वाले ही पूरे भाषण को समझ सके हैं और न इंगलिश जानने वाले हो।

उपाध्यक्ष महोदय जब दोनों भाषणों में बोलने की इजाजत है, तो क्या किया जाये ?

पंडित ठाकुर दास भार्गव जनाब, इस में कम से कम यह तो मेरिट है कि आधा भाषण हिन्दी वाले समझ जायेंगे और आधा अंग्रेजी वाले।

जहां तक इस टैक्स का सवाल है, इस को तो हटाया जा सकता नहीं है। यह तो लगेगा ही। जिससे हमारी फाइव यीयर प्लैन के पूरा होने में मदद मिलती है, वह चीज चाहे अच्छी हो, चाहे बुरी, वह ठीक है और हम उस को सपोर्ट करेंगे।

मुझे अफसोस है कि मैं ने ज्यादा वक्त ले लिया है, लेकिन चूंकि किसी दोस्त ने प्रोसीजरल मैटर्ज पर बहस नहीं की थी, इसी लिए मैं ने उन के बारे में जरा तफसील के साथ अर्ज करने की कोशिश की है। मैं समझता हूं कि प्रोसीजर भी उतना ही जरूरी है, जितना कि टैक्स, बल्कि वह ज्यादा जरूरी है। मुनासिब यही है—और जरूरी भी है—कि लोग टैक्स दें, लेकिन साथ ही साथ यह भी महसूस करें कि यह टैक्स ठीक है। मैं यह समझूं कि जो टैक्स लगाने वाला है, वह मेरा दुश्मन नहीं है, वह मेरा दोस्त है। मेरे दोस्त जरूरत से ज्यादा टैक्स नहीं लगायेंगे। इसके साथ ही साथ मैं आशा करता हूं कि वे प्रोसीजर को भी दुरुस्त करेंगे। मैं आशा करता हूं कि जो सिलैक्ट कमेटी है वह इन सब बातों पर गौर करेगी और वहां से एक ऐसा उमदा बिल मंज हो कर निकलेगा कि जोकि एक माडल होगा और सिलेक्ट कमेटी इनकम टैक्स एक्ट की सारी प्राविजन्स का जिन का मैंने जिक्र किया है तबदील करने का सुझाव देगी।

Mr. Deputy-Speaker: I have a short announcement to make.

Yesterday after the result of the Division on the motion that the Railway Protection Force Bill as amended be passed was announced by the Deputy-Speaker, some Members complained that their push button sets were not in working order inasmuch as the pilot lamp on their seats did not glow After the House rose the push button set on each one of the seats of Members who gave their names and numbers to the Table was tested, and it was found that the lamps burnt simultaneously with the pressing of the button and push switch. It appears that the button and the switch were not pressed simultaneously by Members which is a *sine qua non* for the correct recording of vote

I might also add, perhaps it may cause laughter, that some very important Members were not pressing the buttons but the screws beside that (Laughter)

An Hon. Member: Who were they?

Mr. Deputy-Speaker: When they complained, there was no light.

An Hon. Member: Some screw was loose

Mr. Deputy-Speaker: May be somewhere Perhaps we will take greater precaution next time and demonstrations shall have to be given when we have that chance again.

पंडित ब्रज नारायण "ब्रजेश" (शिवपुरी): उपाध्यक्ष महोदय, सदन के सम्मुख जो बिल, इस समय प्रस्तुत है उसका मैं समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं। आज हमको

